प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुडे मुद्दों पर सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की विशेष बैठक ली–आम आदमी के लिए सभी आवश्यक वस्तुएं प्राथमिकता से मुहैया कराने के निर्देश दिए।

- कृषि मंत्रालय का पश्चिमी क्षेत्र के लिए पहला सम्मेलन 7 अप्रेल को जयपुर में आयोजित किया जायेगा–कृषि से जुडे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

- संसद का बजट सत्र आज सम्पन्न हो रहा है।

- देश प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से संबंधित पहल पर विचार विमर्श करने के लिए सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति –सीसीएस की विशेष बैठक ली। इस मुद्दे पर सीसीएस की यह दूसरी विशेष बैठक थी। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने आम आदमी के लिये आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता का आकलन किया। उन्होंने देश में खरीफ तथा रबी फसलों के दौरान खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की। बैठक में बताया गया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कीमतों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ निरंतर निगरानी और संवाद के लिए नियंत्रण कक्ष बनाये गए हैं। कृषि उत्पादों, सब्जियों और फलों की कीमतों पर भी नजर रखी जा रही है। इस बीच नई दिल्ली में कल हुई अंतरमंत्रालयी बैठक के बाद पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में रिफाइनरी अपनी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रही है।

.....

इधर प्रदेश में भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कडी में कल मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी गैस कंपनियों को पीएनजी कनेक्शन के विस्तार के निर्देश दिए। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए ज्यादा से ज्यादा ईवी चार्जिंग पॉईन्ट बनाने को भी कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरक आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने आमजन को भ्रामक अफवाहों से विचलित नहीं होने की अपील की।

कृषि मंत्रालय का पहला क्षेत्रीय सम्मेलन 7 अप्रेल को जयपुर में आयोजित किया जायेगा। ये सम्मेलन पश्चिमी क्षेत्र के लिए होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केन्द्र सरकार इस वर्ष अप्रैल और मई के दौरान क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी श्रृंखला का आयोजन करेगी। श्री चौहान ने कल राज्यों के कृषि मंत्रियों और कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। कृषि मंत्री ने बताया कि ये सम्मेलन कृषि क्षेत्र में संवाद, समीक्षा और भविष्य की योजना के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेंगे। इस पहल का उद्देश्य केंद्रीय और राज्य कृषि मंत्रियों, वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, किसान संगठनों, किसान उत्पादक संगठनों, कृषि स्टार्टअप और निजी क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाना है।

सवाईमाधोपुर जिले के गंगापुर सिटी से दौसा रेल लाईन का विद्युतीकरण का काम अंतिम चरण में है। इस मार्ग पर इलेक्ट्रिक लोको इंजन से ट्रायल सफलतापूर्वक संम्पन्न हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विद्युतिकरण के बाद शहरों के जुडाव से इस क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी।

.....

संसद का बजट सत्र आज समाप्त हो रहा है। राज्यसभा में आज आंध्र प्रदेश पुनर्गठन –संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा होने की संभावना है। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक हुआ था। सत्र का दूसरा चरण 8 मार्च से शुरू हुआ। पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और 2026–27 के केंद्रीय बजट पर चर्चा हुई। दूसरे चरण में संसद ने वित्त विधेयक 2026 और विनियोग –संख्या 2 विधेयक 2026 को मंजूरी दी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर सरकार का पक्ष रखा था।

केन्द्रीय जल आयोग ने रामजल सेतु लिंक परियोजना की डीपीआर का तकनीकी परीक्षण पूरा कर लिया है। ये जानकारी कल जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दी गई। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को परियोजना के शेष काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में परियोजना से जुडे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही, परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति जल्द शुरू करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर से मोर सागर, ईसरदा से बंध बारैठा, ईसरदा से रामगढ, खुरा चैनपुरा से जयसमंद और ब्राह्मणी बैराज के कार्यों की भी जानकारी ली। बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य आला अधिकारी उपस्थित रहे।

देश प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्राचीन हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है। डूंगरपुर स्थित खडगदा के क्षेत्रपाल हनुमान मंदिर में मेला भर रहा है। सवाईमाधोपुर में आज शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें 9 फीट ऊंचे हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। पाली और भरतपुर के विभिन्न मंदिरों में सवामणी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बारां में श्रीराम स्टेडियम से बडा बालाजी तक पदयात्रा निकाली जायेगी। चूरू के सालासर बालाजी को आकर्षक रूप से सजाया गया है। वहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

...

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की है।
इस बीच जैसलमेर में आज संत पीपाजी की जयंती मनायी जा रही है। इस अवसर पर आज शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं करौली के श्रीमहावीर जी में चल रहे वार्षिक मेले के तहत आज भगवान महावीर की पारम्परिक रथ यात्रा निकाली जायेगी ।

....

आज विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस है। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों से समाज में सभी स्तरों पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि ऑटिज्म से ग्रसित व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सामूहिक दायित्व है। उन्होंने ऑटिज़्म पीड़ित व्यक्तियों को समान अवसर, समर्थन और सम्मान उपलब्ध कराने की अपील की। श्री बागडे ने विद्यालयों और कार्यस्थलों में छात्रों और सहकर्मियों को इस बारे में शिक्षित करने पर जोर दिया।